भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 14.09.2022

उ0प्र0 सरकार के मंत्री समूह का आरेडिका दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली में दिनांक 14.09.2022 को उत्तर प्रदेश सरकार के श्री जितिन प्रसाद मंत्री लोक निर्माण विभाग, श्री कपिल देव अग्रवाल (राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग एवं श्री मयंकेश्वर शरण सिंह राज्यमंत्री (संसदीय कार्य, चिकित्सा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग) ने अपने रायबरेली जिले के भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन फैक्ट्री परिसर का दौरा किया।

इस दौरान आरेडिका के महाप्रबंधक श्री एस.एस.कलसी ने मंत्री समूह को आरेडिका में विभिन्न प्रकार के कोचों के निर्माण एवं प्रोद्योगिकी के बारे में, आरेडिका पर बनी कॉरपोरेट फिल्म एवं प्रजेंटेशन के द्वारा अवगत कराया। मंत्री समूह ने आरेडिका के कोचों की तकनीकी, डिजाइन एवं गुणवत्ता देख कर प्रसन्नता व्यक्त की।

मंत्री महोदय, ने पद्मश्री सम्मानित आरेडिका की विशेष खेल–कूद अधिकारी सुश्री सुधा सिंह को सम्मानित किया, इसी कड़ी में राष्ट्रीय कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को मंत्रीगण द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

सभी को सम्बोधित करते हुए माननीय जितिन प्रसाद ने आरेडिका की प्रसन्नता करते हुए कहा कि, ये फैक्ट्री प्रधानमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान पर खरी उतरती है,यहाँ की हरियाली और साफ–सफाई एवं सुन्दरता देखते ही बनती है।कारखाना निरीक्षण के दौरान मंत्रीगण ने शेल असेम्बली लाइन व इकोनॉमी कोच की फनिर्शिंग देखकर अत्यंत प्रसन्नता जाहिर की। प्रश

इसी के साथ–साथ आरआईएनएल के अधिकारियों ने फोर्ज्ड व्हील बनाने की तकनीक के संबंध में प्रजेन्टेशन दी, मंत्री महोदय ने रायबरेली में बन रहे फोर्ज्ड व्हील निर्माण की तकनीक को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और उम्मीद जताई कि शीघ्र ही लालगंज स्थित इस कारखाने से रेल डिब्बों के पहिये रेल पथ पर दौडेगे व विदेशी मुद्रा की बचत होगी

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री एन.डी.राव, पीएफए श्री जेएन पाण्डेय, सीक्यूएम श्री आर के एम पासी, आरआईएनएल के डा0 वी आर वापाराव मुख्य महाप्रबंधक, श्री सदानन्द सरकार जीएम डिजाइन इंजी. एवं रायबरेली जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित आरेडिका के उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

14/09/22
(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन संपर्क अधिकारी